भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 946
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/05 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिमी बंगाल में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

946 श्रीमती शांता क्षत्रीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सहित देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधि आवंटित की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों का उत्तरदायित्व है।

तथापि पर्यटन मंत्रालय भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। मंत्रालय अपनी चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रेंड-लाइन के तहत महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाज़ारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान चलाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सहित देश में ग्रामीण पर्यटन के संवर्धन हेतु निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

I. पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप–आत्मनिर्भर भारत की ओर एक पहल, तैयार किया है। यह कार्यनीति दस्तावेज निम्नलिखित मुख्य स्तंभों पर फोकस करता है:

i. ग्रामीण पर्यटन हेतु मॉडल नीतियां और उत्तम कार्य-प्रणालियां।
ii. ग्रामीण पर्यटन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकी और प्लेटफार्म।
iii. ग्रामीण पर्यटन हेतु क्लस्टर का विकास।
iv. ग्रामीण पर्यटन हेतु बाज़ार समर्थन।
v. हितधारकों की क्षमता निर्माण।
vi. शासकीय और संस्थागत रूपरेखा।

II. कार्यनीति के कार्यान्वयन पर हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए सचिव (प) की अध्यक्षता में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है जिसमें चिह्नित केंद्रीय मंत्रालयों/संगठनों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और औद्योगिक हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

III. ग्रामीण पर्यटन ग्राम पोर्टल दिनांक 16 फरवरी, 2023 को आरंभ किया गया था। इस वेबसाइट पर भारत के ग्रामीण पर्यटन गंतव्यों, भारत में ग्रामीण होमस्टे ग्रामीण पर्यटन के लिए सरकारी और औद्योगिक पहलों आदि के बारे में जानकारी दी गई है।

IV. पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन हेतु केंद्रीय नोडल एजेंसी (आईआईटीटीएम) के सहयोग से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता आरंभ की है। इस प्रतियोगिता का मूल लक्ष्य भारत के गांवों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।

(ख) से (ग): ग्रामीण परिपथ को पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया था। ग्रामीण पर्यटन परिपथों के लिए स्वीकृत और जारी निधियों का विवरण अनुबंध पर दिया गया है।

*****

अनुबंध

पश्चिमी बंगाल में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना के सम्बन्ध में दिनांक 27.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 946 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में विवरण

देश में स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनों का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ का विकास: भितिहरवा – चंद्रहिया - तुरकौलिया	44.27	39.96
2.	केरल	(2018-19)	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	30.98
			कुल	101.62	70.94

****